राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्य प्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय )
RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA,
(University of Technology of Madhya Pradesh)
डिप्लोमा प्रभाग,एयरपोर्ट मार्ग, गांधी नगर भोपाल – 462033
Web site-wwwrgpvdiploma.in Email – diplomawing@rgpv.ac.in, Phone – 0755-2583656, 2600164, 813

क्रमांक/ रागाप्रौवि/कम्पू/2025/ 1344 भोपाल,दिनांक 17/06/2025

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी महाविद्यालय
मध्यप्रदेश।

विषय :-विभिन्न डिप्लोमा महाविद्यालयों मे अध्ययनरत छात्रों की अंकसूचियाँ डिजिटल लॉकर मे संग्रहीत करने हेतु उनकी एबीसी आईडी बनाने तथा छात्रों के आधार कार्ड के विवरण का मिलान आरजीपीवी के रिकार्ड्स से करने विषयक।

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों की अंकसूचियाँ डिजीलॉकर मे सुरक्षित करने की पहल की जा रही है। आरजीपीवी के पत्र क्रमांक 2286 दिनांक 22/11/2024 के माध्यम से पूर्व में ही इसकी सूचना आपको प्राप्त हो चुकी है। अतः पुनः समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध है कि वे अपने महाविद्यालय मे अध्ययनरत जिन छात्रों की एबीसी आईडी आज दिनांक तक नहीं बनी है, उन्हें अपना एबीसी आईडी अनिवार्यतः बनाने हेतु निर्देशित करें।

जिन छात्रों की एबीसी आईडी पूर्व में ही निर्मित हो चुकी है उनके आधार कार्ड पर अंकित अंग्रेजी एवं हिन्द नाम ,मोबाइल नंबर इत्यादि का मिलान विश्वविद्यालय में दर्ज नाम से करें तथा अंतर होने की स्थिति में शीघ्र विश्वविद्यालय में आवेदन कर सुधार की प्रक्रिया पूर्ण करवाएं। यह प्रक्रिया परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व करवाना सुनिश्चित करें ताकि समस्त छात्र अपने डिजिलॉकर से विश्वविद्यालय द्वारा अपलोड की गयी अंकसूचियां प्राप्त कर सकें।

संलग्न : पत्र क्रमांक 2286 दिनांक 22/11/2024 की प्रति।

सचिव,
राजीव गांधी प्रौध्योगिकी विश्वविद्यालय,भोपाल

# राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्य प्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय )

**RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA,**

(University of Technology of Madhya Pradesh)

डिप्लोमा प्रभाग,एयरपोर्ट मार्ग, गांधी नगर भोपाल - 462033

Web site www.rgpvdiploma.in Email - diplomawing@rgpv.ac.in, Phone - 0755-2583656,2600164,813


क्रमांक गगाप्रौवि वव्य 2024 2286 भोपाल,दिनांक 22/11/2024

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी महाविद्यालय
मध्यप्रदेश ।

विषय :-विभिन्न डिप्लोमा महाविद्यालयों मे अध्ययनरत छात्रों के एबीसी आईडी बनाने एवं अंकसूचियाँ डिजिटल लॉकर मे संग्रहीत करने विषयक ।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत डिजिटल लॉकर (Digital Locker) भारत सरकार की एक पहल है , जिसका उद्देश्य पेपरलेस सिस्टम बनाना एवं एजेंसियों के बीच में ई-दस्तावेज़ों के आदान-प्रदान को सक्षम करना है । डिजिलॉकर दस्तावेजों को संग्रहीत करने का ऑनलाइन भंडार है तथा इसमे डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन और ई-साइन के माध्यम से मूल दस्तावेज़ों को सुरक्षित रखने का प्रावधान हैं। परीक्षा परिणाम, शैक्षिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट और मतदाता पहचान पत्र जैसे दस्तावेजों को संग्रहीत करने के हेतु डिजिलॉकर का उपयोग किया जा रहा हैं। डिजिलॉकर की वैबसाइट digilocker.gov.in है ।

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों की अंकसूचियाँ डिजीलॉकर मे सुरक्षित करने की पहल की जा रही है । इस हेतु आवश्यक जानकारी यथा छात्रों के आधार कार्ड नंबर , कार्ड पर अंकित नाम (हिन्दी एवम अँग्रेजी ), आधार कार्ड पर अंकित जन्मतिथि तथा आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर इत्यादि परीक्षा फार्म के साथ प्राप्त किए जाने का निर्णय लिया गया है ।

शिक्षा मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रबंधित अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) आईडी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत जुलाई 2021 में लॉन्च किया गया था। अकादमिक बैंक ऑफ़ क्रेडिट (एबीसी) एक डिजिटल स्टोरहाउस है, जिसमें छात्रों द्वारा अर्जित क्रेडिट की जानकारी होती है । यह छात्रों को कॉलेज या यूनिवर्सिटी में प्रवेश और छोड़ने के कई विकल्प देता है तथा यह छात्रों को देश के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच स्वतंत्र रूप से स्थानांतरित करने में सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) आईडी एक यूनिक कोड है जो डिजिलॉकर से जुड़ता है। छात्र APAAR (**ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री**) आईडी एबीसी/आईडी का उपयोग कर अपनी एबीसी आईडी को डिजिटल लॉकर से जोड़ सकते हैं। डिजिटल लॉकर पर विश्वविद्यालय द्वारा संग्रहीत प्रमाण पत्रों के क्रेडिट छात्रों की आईडी पर उपलब्ध हो जाता है। एबीसी आईडी में संग्रहीत क्रेडिट जीवन भर के लिए वैध होता हैं।

अतः विश्वविद्यालय के निर्णयानुसार दिसम्बर 2024 की परीक्षाओं के आवेदन पत्र भरने के पूर्व सभी छात्रों की एबीसी आईडी बनना अनिवार्य है ।

एबीसी आईडी बनाने के तरीके

1

www.abc.gov.in पर जाए

1. एबीसी (एकेडमिक बेंक ऑफ क्रेडिट्स) वेबसाइट पर जाएं।
2. मेरा खाता क्लिक करे और छात्र चुनें।
3. साइन अप पर क्लिक करें।
4. अपने आधार से जुड़े मोबाइल नंबर से खाता बनाएं।
5. डिजिलॉकर मे पंजीकरण और साइन इन करने के लिए आपको प्राप्त ओटीपी दर्ज करे।
6. वह विश्वविद्यालय चुनें जिसमें आपने अध्ययन किया है या कर रहे हैं, प्रवेश वर्ष और पहचान प्रकार चुनें।
7. अपना पहचान प्रकार दर्ज करें और सबमिट पर क्लिक करें।
8. आपकी एबीसी आईडी तैयार हो जाएगी।

2

digilocker.gov.in पर जाएं.

डिजिलॉकर में लॉग इन करें, अपना विश्वविद्यालय चुनें, और जनरेट एपीएएआर/एबीसी आईडी पर क्लिक करें।

आप अपना एबीसी आईडी कार्ड डिजिलॉकर से डाउनलोड कर सकते हैं:

1. डिजिलॉकर पर जाएं।
2. साइन इन पर क्लिक करें।
3. आधार पर क्लिक करें और अपना 12 अंकों का आधार नंबर दर्ज करें।
4. अपने आधार से जुड़े मोबाइल से प्राप्त OTP दर्ज करें।
5. कैप्चा कोड दर्ज करें और सबमिट पर क्लिक करें
6. एबीसी आईडी बनाने के लिए आपके द्वारा निर्धारित पिन दर्ज करें।
7. सबमिट पर क्लिक करें।

समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने महाविद्यालय मे अध्ययनरत समस्त छात्रों को अपना एबीसी आईडी अनिवार्यतः बनाने हेतु निर्देशित करें ,अन्यथा उन्हे ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने मे असुविधा होगी।

संलग्न : एबीसी आईडी प्रोसेस फ्लो चार्ट पीडीएफ़ ।

सचिव,
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,भोपाल